ब्रदर्स डे | बचपन की शरारतों से लेकर जिम्मेदारियों तक, भाई का साथ जीवन को मजबूत बनाता है

# हर मुश्किल में साथ खड़ा रहने वाला है भाई



**नवभारत, जबलपुर।** हर साल आज यानि 24 मई को मनाया जाता है राष्ट्रीय ब्रदर्स डे, भाई सिर्फ एक रिश्ता नहीं, बल्कि जिंदगी का वो साथी होता है जो हर परिस्थिति में बिना कहे साथ खड़ा रहता है। बचपन की शरारतों से लेकर जिम्मेदारियों तक, भाई का साथ जीवन को मजबूत बनाता है। ये दिन उस रिश्ते को समर्पित है, जिसमें प्यार कम और परवाह ज्यादा दिखाई देती है। भाई अक्सर अपनी भावनाएं खुलकर जाहिर नहीं करते, लेकिन परिवार की हर जिम्मेदारी और मुश्किल समय में सबसे पहले वही साथ खड़े नजर आते हैं।बचपन में खिलौनों और टीवी के रिमोट को लेकर होने वाली लड़ाइयां, बड़े होने पर जिम्मेदारियों और सपनों को साझा करने में बदल जाती हैं। समय के साथ रिश्तों के मायने बदलते हैं, लेकिन भाई का साथ हमेशा भरोसे का एहसास दिलाता है।

### लड़ाई और प्रेम दोनों बराबर

कभी स्कूल छोड़ने ले जाना, कभी गलती होने पर डांटकर समझाना, तो कभी खुद की जरूरतें छोड़कर परिवार की खुशियों को प्राथमिकता देना भाई अक्सर बिना कुछ कहे बहुत कुछ कर जाता है। घर में सबसे ज्यादा लड़ाई भी उसी से होती है और सबसे ज्यादा भरोसा भी उसी पर होता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग सोशल मीडिया पर हजारों दोस्तों से जुड़े हैं, लेकिन मुश्किल समय में सबसे पहले जिस व्यक्ति का फोन आता है, वह अक्सर एक भाई ही होता है।

### रोने से पहले आपकी परेशानी समझ लेता है भाई

समय के साथ रिश्तों में दूरियां बढ़ रही हैं। नौकरी, पढ़ाई और जिम्मेदारियों के कारण कई भाई अलग-अलग शहरों में रह रहे हैं, लेकिन दूरी कभी रिश्तों की गर्माहट कम नहीं कर पाती। एक फ़ोन कॉल, एक मैसेज या बचपन की कोई पुरानी तस्वीर आज भी भावनाओं को ताजा कर देती है। कई परिवारों में बड़े भाई पिता की तरह जिम्मेदारियां निभाते हैं। वहीं छोटे भाई घर की रौनक और हंसी की वजह बनते हैं। यही कारण है कि भाई का रिश्ता सिर्फ खून का नहीं, बल्कि भरोसे, सुरक्षा और भावनाओं का रिश्ता माना जाता है।

### इनका कहना है



पिता के काम में हाथ बंटाने से लेकर अपनी बहनों की जरूरतें पूरी करने तक, एक भाई की जिम्मेदारी समय के साथ बढ़ जाती है। कई बार अपनी खुशियां भी पीछे रखनी पड़ती हैं।

**ऋषभ ठाकुर**



जिम्मेदारियों के बीच कई बार खुद के लिए समय नहीं मिल पाता, लेकिन एक भाई होने के नाते परिवार का साथ निभाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी लगती है।

**नवीन सेन**



घर में छोटा भाई होने के नाते मेरी जिम्मेदारी कम है, लेकिन बड़े भाई ने हमेशा हर फैसले में मेरा साथ दिया। आज मैं जो भी हूं, उसमें उनका बहुत बड़ा रोल है।

**आदित्य सिंह**



भाई का रिश्ता सिर्फ लड़ाई तक सीमित नहीं होता, बल्कि हर मुश्किल में साथ खड़े रहने का नाम है।

**अभिजीत सिंह**



# माता गुजरी कॉलेज में सफल प्लेसमेंट ड्राइव

**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में छात्राओं के करियर अवसरों को सशक्त बनाने के लिए आईपीसीए लेबोरेट्रीज़ लिमिटेड के सहयोग से एक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय प्रशासन की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके माध्यम से छात्राओं को उद्योग जगत से जोड़ते हुए रोजगारपरक अवसर, कैरियर तैयारी और व्यावसायिक विकास के लिए सशक्त बनाया जा रहा है। संपूर्ण प्लेसमेंट गतिविधि का सफल संचालन एवं समन्वय प्रशिक्षण व प्लेसमेंट अधिकारी प्रभात केवट द्वारा किया गया, जो निर्देशक डॉ. सुनील कुमार पाहवा एवं प्राचार्या डॉ. संगीता झाम्ब के मार्गदर्शन तथा सहयोग से संपन्न हुआ।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में लाइफ साइंस संकाय की बी.एससी. एवं एम.एससी. (बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, जूलॉजी एवं बॉटनी) की 60 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पूरी भर्ती प्रक्रिया क्वालिटी एनालिस्ट एवं मैन्युफैक्चरिंग एग्जीक्यूटिव पदों के लिए आयोजित की गई, जिसने छात्राओं को देश की अग्रणी फार्मास्यूटिकल कंपनियों में से एक के साथ अपने व्यावसायिक करियर की शुरुआत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है।

### कंपनी के एचआर हेड ने किया संवाद

चयन प्रक्रिया के दौरान कंपनी की ओर से एचआर हेड बलराम शर्मा अपनी टीम के साथ महाविद्यालय पहुंचे तथा उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद किया। इस सफल आयोजन के बाद महाविद्यालय प्रशासन ने आईपीसीए लेबोरेट्रीज़ लिमिटेड के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है, तथा छात्राओं को अपने कौशल को प्रदर्शित करने एवं एक सफल करियर की दिशा में आगे बढ़ने का यह बेहतरीन अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर में



### हिट रही गीत गायन प्रतियोगिता

**नवभारत,जबलपुर।** गुंजन कला सदन जबलपुर, पाथेय, मंथन के संयोजन में अमर शहीद स्मृति मेला, गोलबाजार के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित कराओके गीत गायन प्रतियोगिता में जहां गायक - गायिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया वहीं श्रोताओं - दर्शकों ने इस काराओके गीत गायन प्रतियोगिता का भरपूर आनंद उठाया । जूनियर वर्ग विजेता - नित्याजीत सिंह 12 वर्षीय प्रथम, अवनि धनोप्या द्वितीय, केशर यादव तृतीय रहे । सीनियर विजेता रविनंदन श्रीवास्तव प्रथम सहित शांति राय, अनिल प्रजापति, सीमा पटेल, संजय जैन, पंकज जैन, विश्वनाथ, ओम पाराशर, शुभी सैनी, मोनिका, अंश, अंशिका, मुश्ताख, विनीता दीवान, राकेश चौधरी, अलकावर्मा, नीरज, भीम सिंह दीवान, नीता, नीरस, चंद्रभान बघेल आदि ने मधुर गायन प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रतुल श्रीवास्तव, नालिनकांत बाजपेई, चंद्रशेखर शर्मा, विनोद यादव, नरेंद्र जैन, विजय जयसवाल, भारती साहा, नीरज जैन, अंजन कुमार, आज़ाद आदि की उपस्तिथि रही । संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण' ने किया ।



### ताल, सुर और तरन्नुम के बीच सजी यादों की हसीन महफिल

**नवभारत, जबलपुर।** महाकौशल शहीद स्मारक ऑडिटोरियम शनिवार की शाम सुर, संगीत और यादों की अनूठी महफिल का साक्षी बना, जहां 'मैलोडी नाइट' के रूप में आयोजित संगीत संध्या ने श्रोताओं को पुराने दौर की मधुरता और नए अंदाज की ऊर्जा से सराबोर कर दिया। गीत गाता चल और जस्सी संधु के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में भोपाल और जबलपुर के चुनिंदा कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से देर रात तक समां बांधे रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसके निगम रहे, जबकि सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में सूरज चड्डा और विशिष्ट अतिथि के रूप में सतविंदर कौर उपस्थित थे। मंच पर रोशनी की जगमगाहट, मधुर संगीत की स्वर लहरियां और श्रोताओं की तालियों ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम की खास प्रस्तुति बॉलीवुड सिंगर असलम हमदुले की रही, जिनकी आवाज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### ओम द्रां दत्तात्रेयाय नम: से गूंज उठा दत्त मंदिर परिसर

**नवभारत,जबलपुर।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष मे श्री दत्त भजन मंडल द्वारा आयोजित पंच दिवसीय यज्ञ का तीसरा दिन अतिशय धार्मिक वातावरण से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत देवतापीठ की पूजा वेदों के मंत्रोच्चार, और कलश पूजन के साथ हुई। यज्ञाचार्य आर्वीकर गुरुजी के के सान्निध्य में मुख्य यजमान माधुरी नाजवाले , सुनील नाथवाले सहित सहयजमान अमर परांजपे, नितीन परांजपे, मुरलीधर पालंदे, अनिल राजूरकर, विलास ताम्हनकर, दिगंबर गोखले, सौ.जया चितल, अरुण



गायकी, डॉ. सुनील चिंचोलकर, सौ. शिल्पा ताम्हणे आदि ने यज्ञ कुंड में आहुतियां दीं। इस दौरान 'श्रीअभयप्रदायानेन नम: ओम द्रां दत्तात्रेयाय नम:', शची पुरंदरया नम: स्वाहा के मंत्रों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ज्ञात हो की, भगवान दत्तात्रय अत्रि-अनसूया के पुत्र स्मर्तुगामी कहलाते है. पुरुषोत्त मास मे ब्रह्मा विष्णू महेश की की संयुक्त उपासना अगर यज्ञ के माध्यम से की जाती है, तो यज्ञकर्ता को लौकिक एवं पारलौकिक उन्नती मिलती है. तथा उसका जीवन यथार्थ हो जाता है।

# बीएलओ सुपरवाइजर लेखराम भोर सम्मानित

- विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में मेहनत करने से मिला सम्मान



**नवभारत,जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध एवं समर्पित भाव से कार्य करने के लिए जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ सुपरवाइजर लेखराम भोर को निर्वाचन अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। विदित हो कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 29 बीएलओ सुपरवाइजर कार्यरत थे जिनमें से सिर्फ दो सुपरवाइजरों को श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के रेवेन्यू मैनेजमेंट कार्यालय में अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत लेखराम भोर को पश्चिम क्षेत्र विधानसभा के निर्वाचन अधिकारी अनुराग सिंह ने यह सम्मान प्रदान किया है। इस अवसर पर टीम के अन्य बीएलओ सदस्यों- शंकरलाल विश्वकर्मा, गौरव कोरी, रवि धमेजा, सुषमा शिवहरे, प्रीति नामदेव, बृजलता मेहरा, जानकी पटेल व रेखा नामदेव को भी प्रशंसा पत्र सौंपे गए। निर्वाचन अधिकारी अनुराग सिंह ने लेखराम भोर व उनकी टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस टीम ने विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची का कार्य पूरी निष्ठा, विश्वसनीयता, पारदर्शिता व समयबद्ध कार्यक्रम में निष्पादित करके निर्वाचन कार्य में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### ड्रील, फायरिंग, सर्विस सब्जेक्ट में दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवभारत,जबलपुर ।** 2 एमपी नेवल यूनिट एन सी सी द्वारा सेंट अलॉयसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जबलपुर में 20 मई से 29 मई तक दस दिवसीय एन एस सी । (आई जी सी) शिविर सुचारू रूप से चलाया जा रहा हैं। जिसमें 108 एनसीसी कैडेटस ने हिस्सा लिया हैं, उक्त शिविर में भाग लेने वाले नेवल एन सी सी कैडेटस में से 36 सिलेक्टेड कैडेटस आगामी ऑल इंडिया एन एस सी शिविर में हिस्सा लेंगे। उक्त शिविर के कैम्प कमांडेंट ले. कमाण्डर जोएल थंगेओ एवं डिप्टी कैम्प कमांडेंट ले. कर्नल पंकज गिरि है । शिविर में ग्वालियर ग्रुप से ले. कमाण्डर अखिल शर्मा, भोपाल ग्रुप से ले. कमाण्डर आयुष डोदानी एवं रायपुर ग्रुप से ले. कमाण्डर पी अनिरूद्ध भी उपस्थित हुऐ है।

# सिद्धेश्वरी सराफ की कृति का विमोचन आज

**नवभारत जबलपुर।** कला साहित्य संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में कवयित्री, कथाकार सिद्धेश्वरी सराफ की दोहा कृति आर्यावर्त की अनुपमाएं मां से चंद्रमा तक, का विमोचन आज 24 मई को सायंकाल 5.30 बजे से नूतन मराठी स्कूल, गोलबाजार में आयोजित है। समारोह संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि कृति में पौराणिक काल से वर्तमान तक कि 101 ऐसी महिलाओं के जीवन दर्शन को दोहों में शामिल किया है जिन्होंने अप्रतिम कार्य किये हैं।समारोह अतिथि स्वाति



गोडबोले, गीताशरत तिवारी हैं।

# 900 फुट की चुनरी से होगा श्रृंगार

- गंगा दशहरा की पूर्व सुबह पर होंगे धार्मिक आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के द्वारा इस 14 वे वर्ष में भी गंगा दशहरा की पूर्व सुबह 7 बजे 24 मई सोमवार को बैनगंगा नर्मदा मैया सरस्वती मैया के संगम बेनगंगा पुल हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से उस पार तक 900 फुट की चुनरी अर्पण की जाएगी । इस दौरान दुग्ध अभिषेक महा आरती के साथ भंडारे का वितरण होगा

पुराणों में लिखे अनुसार ज्ञात हो बाणासुर नाम के राक्षस ने तपस्या कर गंगा मेया का उद्गम किया था नामकरण बाणासुर के नाम से बाण एवं गंगा मैया दोनों मिलकर बाणगंगा कहते थे अभरश: होकर



बेनगंगा कहने लगे। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने अपने संदेश में कहा भेड़ाघाट क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहे नशा मुक्त रहे पर्यावरण एवं खुशियली रहे । आश्रम के व्यवस्थापक एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ,जय किशन गुप्ता ,सुषमाशंकर पटेल , सह संकीर्तनाचार्य श्याम मनोहर पटेल ,विनोद दीवान, संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, मनोज गुलाबवानी ने उपस्थिति की अपील की है।

# सक्षम की दृष्टि प्रकोष्ठ कार्यशाला का शुभारंभ

**नवभारत,जबलपुर।** समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसन्धान मंडल (सक्षम) की दृष्टि प्रकोष्ठ कार्यशाला का शुभारंभ जोतपुर,तिलवारा घाट स्थित दादा वीरेंद्रपुरी जी नेत्र संस्थान (देवजी नेत्रालय) में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ.प्रदीप दुबे, विशिष्ट अतिथि नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, सक्षम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.दयाल सिंह पंवार ,सक्षम के राष्ट्रीय महासचिव उमेश अंधारे एवं सक्षम के राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ. पवन स्थापक के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ । प्रस्तावना में डॉ. पवन



स्थापक ने बताया कि दृष्टिबाधितों के शिक्षा,स्वालंबन,स्वास्थ और पुनर्वास,सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान,एडवोकेसी और अधिकार के विषयों पर जागृत करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है । इस कार्यशाला में भारत के 32 प्रांतों के दृष्टि प्रकोष्ठ प्रमुख, ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता जो दृष्टिबाधितों के उत्थान के लिए काम कर रहे है वो भाग ले रहे हैं।

कार्यशाला में वेदप्रकाश नारंग, रामनरेश पटेल , अनुपमा स्थापक,डॉ आयुष टंडन, डॉ सोनिया टंडन, अमित शर्मा,अमरेंद्र नारायण सिंह, संदीप रजक,पीयूष जैन,सुनील फाटक,प्रभव माहेश्वरी, विनोद प्रकाश आर, डॉ.अर्पिता स्थापक, डॉ.अपूर्वा स्थापक, एड. अपर्णा स्थापक, रामसेवक दीक्षित, नरेंद्र मालवीय और आशीष परेतकर उपस्थित थे।

पहल | अब मरीज उठा सकते हैं फायदा

# विटामिन बी-12 की कमी की जांच के लिए सन लाइफकेयर की मुफ्त सेवा




**नवभारत, जबलपुर।** सन लाइफकेयर पैथोलॉजी लैब्स द्वारा गर्मियों में सेहत का ध्यान रखने के लिए विशेष समर पैकेज और मुफ्त होम सैंपल कलेक्शन सेवा की शुरुआत की गई है। वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रियंका तिवारी और डॉ. प्रियंका शर्मा के अनुसार, बदलती ऋतु और बढ़ती उम्र में शरीर की बुनियादी व गंभीर जांचें कराना आवश्यक है। इस पहल के तहत लोगों की सुविधा के लिए एकता चौक विजय नगर स्थित मुख्य शाखा सहित रांझी, बिलहरी, चेरीताल तथा यादव कॉलोनी कलेक्शन सेंटर्स पर अत्याधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं, जहाँ ब्लड और यूरिन शुगर टेस्ट पूरी तरह नि:शुल्क है।

डॉ. प्रियंका तिवारी के अनुसार, विटामिन डी की कमी से मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन, पैरों-पीठ में तकलीफ व बाल झड़ने जैसी समस्याएं होती हैं, जबकि विटामिन बी-12 की कमी से अत्यधिक थकान, कमजोरी, हाथ-पैरों में झुनझुनी, मानसिक तनाव, डिप्रेशन और वजन कम होने जैसी दिक्कतें आती हैं। शरीर के भीतर छिपे बैक्टीरिया और बार-बार होने वाले संक्रमणों की पहचान के लिए डॉक्टरों का कहना है कि पेट दर्द या बार-बार यूरिन इन्फेक्शन होने और दवाइयों से आराम न मिलने पर यूरिन कल्चर टेस्ट कराना चाहिए। इसी तरह गंभीर बीमारियों में दवाएं बेअसर होने पर ब्लड कल्चर टेस्ट के जरिए रक्त में मौजूद बैक्टीरिया का सटीक पता लगाया जाता है।

### कैंसर स्क्रीनिंग और इलेक्ट्रोलाइट्स का महत्व

विभिन्न प्रकार के कैंसर के प्रति सचेत करते हुए डॉक्टरों ने बताया कि 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों को पेशाब रुक-रुक कर आने या खून आने के लक्षण दिखने पर हर 2 से 3 वर्ष में प्रोस्टेट कैंसर के लिए पी.एस.ए. टेस्ट कराना चाहिए। आंतों के कैंसर की निगरानी के लिए सी.ई.ए. परीक्षण और महिलाओं में ओवरी के कैंसर की सटीक जांच व इलाज के असर के लिए सी.ए. 125 टेस्ट की मदद ली जाती है। इसके अलावा, सोडियम, पोटैशियम और क्लोराइड जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी से सिरदर्द, थकान, बेहोशी और मांसपेशियों में अकड़न होती है, तथा यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में दर्द, सूजन, गाउट और किडनी में पथरी हो सकती है, जिनकी नियमित जांच से जटिलताओं से बचा जा सकता है।

# भाजपा पार्षदों ने शराब दुकान में जड़ा ताला

**नवभारत,जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र रांझी बड़ा पत्थर में स्थित शराब दुकान में भाजपा पार्षदों ने ताला जड़ दिया। विदित हो कि इस शराब दुकान को बंद कराने पिछले कई दिनों से स्थानीय लोग लगातार विरोध , आंदोलन कर रहे थे।

इस संबंध में एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी ने बताया कि रांझी शराब दुकान को लेकर विगत दिवस क्षेत्रीय नागरिक विधायक अशोक रोहाणी से मिले थे। उक्त प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा के दौरान विधायक रोहाणी को बताया था कि शराब दुकान खुलने के बाद से वहां असामाजिक गतिविधियां बढ़ गई है। चूंकि समीप ही सब्जी मंडी व मंदिर स्थित है, लिहाजा महिलाओं का वहां आना-जाना लगा रहता है। शराब दुकान खुलने से सबसे ज्यादा महिलाओं को परेशानी हो रही है। जिसके बाद विधायक ने आश्वासन दिया था कि दो दिनों अंदर दुकान को हटावा दिया जाएगा। इसी क्रम में शराब दुकान पहुंच तालाबंदी कर दी गई है। इस दौरान एमआईसी



सदस्य दामोदर सोनी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह,पार्षद निशांत झरिया, संतोषी ठाकुर, अनुराग दहिया आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि शराब दुकान बंद करने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता भी प्रदर्शन कर रहे थे, जिसके बाद मौके पर पहुंची एसडीएम ने दुकान हटवाने का आश्वासन देकर धरना स्थगित कराया था।